# FORM NO. III

## फर्द अहकम

नियम 26

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलुवाड़ा,राजस्थान

सुरजमल पुत्र भेरु ........ बनाम ....अनिल पुत्र हीतर....

किस्म मुकदमा/धारा:– ....प्रार्थना-पत्र | 111-128....

प्रकरण संख्या....60..../2026 जी.सी.एम.एस. नम्बर:–..................

| तारीख क्रम | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 1/4/2026 | प्रार्थना–पत्र नियमानुसार संलग्न दस्तावेजों एवं न्यायालय शुल्क के साथ न्यायालय क्षेत्राधिकार में पेश हुआ। पत्रावली की नियमानुसार जांच कर दर्ज रजिस्टर किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विपक्षीगणों की तलबी जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना–पत्र, विपक्षीगणों को भेजी जावें। पत्रावली आगामी पेशी दिनांक 21/04/2026 को वास्ते इन्तजार तामील/तलबी रिपोर्ट पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां जिला भीलवाड़ा | |
| 21/4/26 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक परिषद बिजौलियाँ द्वारा कार्य स्थगन रखा गया। पत्रावली दिनांक 28/4/26 को वास्ते इन्तजार तामील पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ | |
| 28/4/2026 | पत्रावली पेश हुई। समस्त विपक्षीगणों की तहसीलदार बिजौलिया से बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे संलग्न पत्रावली किया गया। समस्त विपक्षीगणों को 3-बार आवाज लगाई गई, परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। समस्त विपक्षीगणों के विरुद्ध एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली मे आदेश पारित किए गए। आदेश पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावे। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 60/2026                                        दा. तारीख– 1/4/26

सूरजमल पुत्र भैरू जाति मीणा उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी भगवानपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज.)

............प्रार्थी

**बनाम**

01. अनिल पुत्र छीतर जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी मोतीपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. नानालाल पुत्र किशना जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी मोतीपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
03. अनिल पुत्र हीरालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
04. बबलू पुत्र हीरालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
05. बालुलाल पुत्र तुलछीराम जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
06. घनश्याम पुत्र देबीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
07. सुगनलाल पुत्र नानालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)

.............विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–                                        दिनांक: –28/4/2026

प्रार्थना पत्र **सूरजमल पुत्र भैरू जाति मीणा निवासी** भगवानपुरा **तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज.)** ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफूल धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा अमरनिवास पटवार हल्का उमा जी का खेडा तहसील बिजौलियाँ में खाता संख्या 24 पर अंकित आराजी संख्या 93 रकबा 1.1817 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थीगण वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **उमा जी का खेडा** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें तय की जाती है वक्त मौका प्रार्थीगण अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा अमरनिवास पटवार हल्का उमा जी का खेडा तहसील बिजौलियाँ में खाता संख्या 24 पर अंकित आराजी संख्या 93 रकबा 1.1817 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 60/2026

दा. तारीख – 1/4/2026

नि. तारीख – 28/4/2026

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ..........60.........../ 2026 पत्थरगढ़ी बाबत्।

सूरजमल पुत्र भैरू जाति मीणा उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी भगवानपुरा तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज.)

............प्रार्थी

**बनाम**

01. अनिल पुत्र छीतर जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी मोतीपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. नानालाल पुत्र किशना जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी मोतीपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
03. अनिल पुत्र हीरालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
04. बबलू पुत्र हीरालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
05. बालुलाल पुत्र तुलछीराम जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
06. घनश्याम पुत्र देबीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
07. सुगनलाल पुत्र नानालाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी अमरनिवास तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)

.............विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है कि **मौजा अमरनिवास पटवार हल्का उमा जी का खेडा तहसील बिजौलियाँ में खाता संख्या 24 पर अंकित आराजी संख्या 93 रकबा 1.1817 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षकर **उमा जी का खेडा** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थीगण अदा करे। पत्थरगढी करने से पहले विपक्षीगणों एंव पडोसियान को सुचित करते हुए पत्थरगढी करें। पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ